तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 27 जून 2026

खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार



4 ग्राम विजयपुर में बनेगा 100 बिस्तरों वाला सीनियर सिटीजन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर




**खबर संक्षेप**

### सरिया पुलिस ने गांजा के अंतराज्यीय तस्कर पकड़ा

**सरिया।** पुलिस ने मुखवीर सूचना पर एक सफेद रंग के बलेनो कार क्रमांक यूपी 90 आर 3416 में एक व्यक्ति उड़िसा राज्य से छत्तीसगढ़ ग्राम सरिया रायगढ़ होते कानपुर उत्तर प्रदेश की ओर भारी मात्रा में अवैध रूप से गांजा लेकर जाने वाला है कि मुखबीर सूचना पर मौका स्थल पुलिस थाना सरिया के सामने मेन रोड में हमराह स्टाफ गवाहों के घेराबंदी कर सफेद रंग के बलेनो कार क्रमांक यूपी 90 आर 3416 में सवार एक व्यक्ति मिला कार चालक को नाम पता पूछने पर अपना नाम रितिक राय पिता गिरीश राय उम्र 26 वर्ष ग्राम पोस्ट अमरहट थाना सरायलखनसी जिला माउ उप्र का निवसी होना बताया उसके आधिपत्य के बलेनो कार क्रमांक यूपी 90 आर 3416 का तलाशी लेने पर उक्त कार के पीछे डिक्की के अंदर 40 पैकेट खाखी रंग के प्लास्टिक टेप से लपेटा हुआ कुल वजन 41 किलो 620 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 4,10,000 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त सफेद रंग के बलेनो कार क्रमांक यूपी 90 आर 3416 एवं एक नग ओप्पो स्मार्ट मोबाईल को एनडीपीएस एक्ट के तहत गवाहों के समक्ष जप्त किया जाकर आरोपी के विरुद्ध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने आरोपी को गिरफ्तारी के कारणों से अवगत कराकर 26 जून के 11:30 बजे विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों को देकर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### घरघोड़ा बायपास पर भीषण सड़क हादसा

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र के बायपास मार्ग पर शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक ट्रेलर ने सामने से आ रहे ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल होकर स्टेयरिंग में बुरी तरह फंस गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एसकेएल कंपनी का ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एडी 5562 घरघोड़ा बायपास से गुजर रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीजी 1681 से उसकी आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में स्टेयरिंग के बीच फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही घरघोड़ा पुलिस और 108 एंबुलेंस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। चालक को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया गया। काफी मशक्कत के बाद आखिरकार घायल चालक को बाहर निकाला जा सका। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना में प्रथम दृष्टया ट्रेलर चालक की लापरवाही सामने आ रही है। हालांकि, पुलिस मामले की जांच के बाद ही दुर्घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि करेगी। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

### 15 से चालू हुई है रजिस्ट्रेशन, प्रवेश प्रक्रिया के लिए हर लिस्ट के बाद मिलेगी 6 दिन

# अब से कॉलेजों में निकलेगी चार मेरिट लिस्ट एसएनपीवी ने जारी की अधिसूचना, 30 तक समय



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

12 वीं के बाद यदि जिले के कॉलेजों में एडमिशन लेना चाहते हैं तो 15 जून से पंजीयन चालू हो गई है।अब रजिस्ट्रेशन के लिए केवल चार दिन ही बाकी है। देरी होने से एडमिशन से वंचित हो सकते हैं। 30 जून तक पंजीयन पूरा होने के बाद कॉलेजों में चार-चार मेरिट लिस्ट जारी होगी। इसके बाद प्रवेश की प्रक्रिया और शुल्क जमा करने के लिए करीब 6 दिन का समय मिलेगा। इसके लिए शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय ने बीते 12 मई को अधिसूचना जारी किया है। शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में एडमिशन की प्रक्रिया चालू हो गई है। यह प्रक्रिया 31 जुलाई तक चलने वाली है। प्रथम चरण की पहली मेरिट लिस्ट चार बार जारी होगी। इसमें पहली मेरिट लिस्ट 2 जुलाई फिर 9, 17 और 23 जुलाई को जारी होगी। चार मेरिट लिस्ट जारी करने के पीछे कॉलेजों की मंशा आवेदन करने वाले सभी छात्रों का एडमिशन मिल जाए। इसके लिए एक मापदंड तय किया जाएगा। पहली मेरिट लिस्ट में कितने अंकों वाले छात्रों को लेंगे। इसके बाद कम और कम। इसी तरह चार मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। जिले में सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों में इसी तरह की प्रक्रिया चलेगी। हालांकि 12 वीं के बाद अधिकांश छात्र सरकारी कॉलेजों को ही प्राथमिकता देते हैं। यदि सरकारी कॉलेजों में एडमिशन किसी कारण से नहीं हो पाती है तो प्राइवेट की ओर रुख करते हैं। यह प्रक्रिया स्नातक स्तर के लिए है। इसके ठीक एक दिन बाद याने 16 जून से पीजी के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चालू हो गई है। पीजी में भी पंजीयन की आखिरी तारीख 30 जून ही है।

#### जुलाई में दूसरे, तीसरे और चौथे चरण का रजिस्ट्रेशन

पहले चरण का पंजीयन तो 30 जून को ही आखिरी तारीख है। इसके बाद जुलाई में दूसरे, तीसरे और चौथे चरण की पंजीयन और एडमिशन प्रक्रिया चलेगी। कुल मिलाकर जुलाई महीने भर एडमिशन होगी। इसके बाद अगस्त से क्लासेस स्टार्ट हो जाएगी।

#### 12 हजार से अधिक छात्रों ने किया है 12 वीं पास

जिले में 12 हजार से अधिक छात्रों ने कक्षा 12 वीं की परीक्षा पास किया है। इसमें सीजीबीएससी में 7 हजार 390 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा पास किया है। इसके अलावा प्राइवेट स्कूलों में सीबीएसई के साढ़े चार हजार के आसपास बच्चों ने परीक्षा पास किया है। हालांकि करीब 20 फीसदी छात्र-छात्राएं तो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पढ़ाई करने बाहर चले जाते हैं।

#### ऐसे होगी रजिस्ट्रेशन और मेरिट लिस्ट जारी

प्रथम चरण (स्नातक)

- 15 जून रजिस्ट्रेशन चालू
- 30 जून रजिस्ट्रेशन आखिरी
- 2 जुलाई प्रथम मेरिट लिस्ट
- 9 जुलाई दूसरी मेरिट लिस्ट
- 17 जुलाई तीसरी मेरिट लिस्ट
- 23 जुलाई चौथी मेरिट लिस्ट

दूसरे, तीसरे और चौथे चरण (स्नातक)

- दूसरे चरण का पंजीयन चालू 3 जुलाई
- दूसरे चरण का पंजीयन आखिरी 8 जुलाई
- तीसरे चरण का पंजीयन चालू 10 जुलाई
- तीसरे चरण का पंजीयन आखिरी 15 जुलाई
- चौथे चरण का पंजीयन चालू 17 जुलाई
- चौथे चरण का पंजीयन आखिरी 22 जुलाई

### पुलिस ने बाजारों व सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ाई मुस्तैदी

**रायगढ़।** शहर के प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों तथा संवेदनशील स्थानों पर फुट पेट्रोलिंग के साथ सशस्त्र पुलिस बल की सक्रिय तैनाती कर कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान के तहत बीते शाम थाना कोतवाली, थाना चक्रधरनगर एवं चौकी पूंजीपथरा की पुलिस टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। थाना कोतवाली पुलिस ने एएसआई विलफ्रेड मसीह एवं महिला प्रधान आरक्षक राजश्री के नेतृत्व में रिजर्व लाइन के पुलिस बल के साथ हटरी बाजार, मॉल, चांदनी चौक सहित प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में पैदल गश्त की। इस दौरान केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड स्थित होटलों की जांच की गई तथा बाहरी जिलों से आए संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन कर आवश्यक पूछताछ की गई। इसके पश्चात पुलिस टीम ने इंदिरानगर क्षेत्र के वार्डों में पैदल भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया और सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया।

## 2.85 टन अवैध कबाड़ सहित पिकअप जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस व साइबर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ग्राम पूंजीपथरा में 2.85 टन अवैध कबाड़ सहित पिकअप वाहन जब्त किया है। इस मामले में अवैध कबाड़ का परिवहन करने वाले वाहन चालक को भी गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार पूंजीपथरा पुलिस ग्राम पूंजीपथरा बस्ती में दबिश देकर अवैध कबाड़ से लोड एक पिकअप वाहन को जब्त करते हुए आरोपी हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बलवंत सारथी, पिता सुंदरलाल सारथी, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम हाटी बताया। इस दौरान पिकअप क्रमांक सीजी 13 यूजे 2186 में कबाड़ खरीद रहा था। पुलिस ने उसे वाहन में लोड कबाड़ के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा, लेकिन आरोपी वाहन चालक कोई इससे



संबंधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच के दौरान वाहन में लगभग 2.85 टन कबाड़ जब्त किया गया, जिसकी कीमत 85 हजार 500 रूपए आंकी गई है। पुलिस ने इस कार्रवाई में पिकअप वाहन सहित कुल 6 लाख 85 हजार 500 रूपए की संपत्ति जब्त की है। वहीं आरोपी के विरूद्ध धारा 35(क), 35(ड) एवं धारा 303(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

# कोचिंग, स्कूल, हॉस्टल, होटल और अस्पतालों की होगी जांच, 7 दिन में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हाल के दिनों में देश के विभिन्न शहरों में संस्थागत और व्यावसायिक भवनों में हुई आगजनी की घटनाओं के बाद छत्तीसगढ़ शासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 25 जून को जारी आदेश में सभी नगरीय निकायों को 07 दिनों के भीतर संस्थागत भवनों का विशेष सुरक्षा निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। विभाग के निर्देशों का असर अब रायगढ़ जिले के नगरीय क्षेत्रों में भी देखने को मिलेगा, जहां नगर निगम और नगर पालिका परिषदों के माध्यम से सुरक्षा मानकों की जांच की जाएगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के




तहत रायगढ़ नगर निगम सहित जिले के सभी नगरीय निकायों में संचालित कोचिंग संस्थान, स्कूल, कॉलेज, लाइब्रेरी, छात्रावास, होटल, अस्पताल और नर्सिंग होम का निरीक्षण किया जाएगा। जांच के दौरान विद्युत सुरक्षा, अग्निशमन व्यवस्था, आपातकालीन निकास, लिफ्ट सुरक्षा, बेसमेंट के उपयोग और वेंटिलेशन की व्यवस्था का परीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण दल भवनों की विद्युत वायरिंग, खुले या ढीले तार, शॉर्ट सर्किट की संभावना, ईएलसीबी, एमसीबी तथा अर्थिंग सिस्टम की कार्यक्षमता की जांच करेगा। साथ ही एयर कंडीशनर की वायरिंग और उपकरणों की नियमित सर्विसिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

#### खाली रखने होंगे निकास मार्ग

आदेश के अनुसार सभी बहुमंजिला भवनों के निकास द्वार पर्याप्त चौड़े होने चाहिए। गलियारे, सीढ़ियां और आपातकालीन निकास पूरी तरह अवरोध मुक्त रहेंगे। प्रत्येक निकास पर चमकदार निकासी संकेतक लगाए जाएंगे तथा मुख्य आपातकालीन दरवाजों में पैनिक बार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

#### बिजली और अग्नि सुरक्षा पर रहेगा विशेष फोकस

निरीक्षण के दौरान भवनों की विद्युत व्यवस्था की बारीकी से जांच की जाएगी। खुले या जर्जर तार, ओवरलोडिंग, शॉर्ट सर्किट की आशंका, अर्थिंग, एमसीबी और ईएलसीबी जैसे सुरक्षा उपकरणों की कार्यक्षमता का परीक्षण किया जाएगा। एयर कंडीशनर की वायरिंग और नियमित सर्विसिंग भी जांच के दायरे में रहेगी, क्योंकि कई अग्निकांडों में एसी सिस्टम को प्रमुख कारण माना गया है। इसके अलावा सभी भवनों में अग्निशामक यंत्र, स्प्रिंकलर सिस्टम, स्मोक डिटेक्टर, फायर अलार्म और आपातकालीन जल आपूर्ति प्रणाली की उपलब्धता और कार्यशील स्थिति की भी जांच होगी।

#### लिफ्ट और बेसमेंट पर भी रहेगी नजर

जहां लिफ्ट संचालित हैं, वहां आग लगने की स्थिति में लिफ्ट का उपयोग नहीं करने संबंधी सूचना प्रमुखता से प्रदर्शित करनी होगी। वहीं बेसमेंट का उपयोग केवल पार्किंग, गैर-ज्वलनशील सामग्री के भंडारण या भवन सेवाओं से जुड़ी मशीनरी के लिए ही किया जा सकेगा। अन्य किसी उद्देश्य से उपयोग पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। शासन का कहना है कि यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जन सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम है।

## स्कूल से लौटने के बाद लापता हो गई थी 15 वर्षीय बालिका, रायपुर से बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने लगभग छह माह से लापता 15 वर्षीय बालिका को रायपुर से सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले में बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने वाले आरोपी और एक अन्य युवक को गिरफ्तार किया गया है। दोनों युवकों ने बालिका का शारीरिक शोषण किया जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक 17 दिसंबर 2025 को पूंजीपथरा थाने में एक एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री 15 दिसंबर को स्कूल से लौटने के बाद घर नहीं पहुंची। उसके बेटे ने बताया कि घनश्याम उर्फ सोनू बैरागी नामक युवक घर



आकर बालिका को मोटरसाइकिल में बैठाकर अपने साथ ले गया था। काफी तलाश के बाद भी बालिका का पता नहीं चलने पर पूंजीपथरा थाने में आरोपी के विरुद्ध धारा 137(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि बालिका दो युवकों के साथ रायपुर में देखी गई है। एक पुलिस टीम रायपुर पहुंची और पतासाजी की, लेकिन सफलता नहीं मिली। जिसके बाद पुलिस को नाबालिक के लोकेशन की जानकारी मिली। दोबार पुलिस टीम रायपुर रवाना हुई। जहां उरला एवं सिलतरा क्षेत्र के कई दुकानों, फैक्ट्रियों और मजदूर बस्तियों में बालिका का फोटो दिखाकर सघन पूछताछ की गई। इसी दौरान एक किराना दुकानदार से जानकारी मिली कि संबंधित बालिका पास के क्षेत्र में सामान लेने आती है। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने 24 जून को सरोरा, उरला में स्थित अशोक पाइप प्लांट क्षेत्र से बालिका को युवक सिसेन एक्का के कब्जे से सकुशल दस्तयाब कर रायगढ़ लाया। बालिका बताई कि घनश्याम दास बैरागी उर्फ सोनी पिता डमरूधर बैरागी उम्र 23 साल निवासी नूनदरहा का उसके घर आना जाना करता था, जिस कारण से उसको जानती थी और उससे बातचीत भी करती थी। किंतु उसके माता पिता, घनश्याम के उपर गलत संदेह कर उसे डांट फटकार लगाते थे। 15 दिसंबर 2025 को घनश्याम किराये मकान में आकर दीदी के घर छोड़ने की बात कहते हुए उसे अपनी मोटरसाइकिल से घरघोड़ा ले गया। जिसके बाद उसे रायपुर रायपुर सिलतरा ले आया, जहां वह काम करता था। यहां उसने कई बार उसकी मर्जी के खिलाफ शारीरिक संबंध बनाया और पत्नी की तरह लगभग 02 माह तक रखा था।

## संजय मार्केट में निगम का सख्त एक्शन, सड़क बाधित करने वाले 20 दुकानदारों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

निगम प्रशासन द्वारा नाले की सफाई बेहतर हो इसके लिए शहर को अतिक्रमण मुक्त एवं यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से संजय मार्केट क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर सड़क बाधित करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान दुकानों के बाहर सार्वजनिक मार्ग पर सामान रखकर आवागमन बाधित करने वाले 20 प्रतिष्ठानों पर कुल 22,500 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया। कार्रवाई के दौरान अलिना फूड वियर पर 1,000 रुपए दिलावर शूज पर 1ए000 रुपयेए क्वालिटी स्टोर पर 2,000 रुपए, सुरेश गार्मेंट पर 1,000 रुपए सहेली ड्रेसेज पर 1000 रुपए, हरिश मेहर पर 1,000 रुपए शूज हाउस पर 1,000 रुपए मैफुल ड्रेसेज पर 1,000 रुपए चाँद शूज पर 1,000 रुपए अंकित सेल पर 2,000 रुपए, बाम्बे फैशन बाजार पर 2रुपए, रविंद्र पर 500 रुपए शूज गैलरी पर 1,000 रुपए, गुजराल मेडिकल पर 1 हजार रुपए गेलेक्सी बैग पर 1 हजार रुपएख ग्रान्ड शूज पर 1 हजार रुपए, सुहैल बैग पर 1000 रुपए बबल्स पर 1 रुपए,



सुहागन पर 1 हजार रुपए तथा अनुपम इलेक्ट्रॉनिक पर 1000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने कहा कि सार्वजनिक सड़क पर सामान रखकर आवागमन बाधित करना नियमों का उल्लंघन है। इससे शहर के मुख्य सड़कों के किनारे स्थित नालों की सफाई नहीं हो पाती है और सफाई करने में बहुत ज्यादा परेशानी होती है। शहर को व्यवस्थित एवं सुगम बनाने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने सभी व्यापारियों से स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर निगम के अभियान में सहयोग करने और शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने की अपील की है।

### गर्भवती महिला की मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश, शिकायत के बाद हुई कार्रवाई

## हादसे में गर्भवती की मौत के बाद चला प्रशासन का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्राम चिराईपानी स्थित ओम श्री रुपेश कंपनी के खिलाफ जिला प्रशासन ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की। सुबह तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और राजस्व अभिलेखों के आधार पर सीमांकन कराया। जांच के दौरान नाली, तालाब और शासकीय भूमि पर बताए जा रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए जेसीबी से तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व अधिकारी, पटवारी सहित जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कंपनी के संचालक शंकर अग्रवाल भी मौके पर उपस्थित थे। यह कार्रवाई हाल ही में



हुए उस दर्दनाक हादसे के बाद हुई है, जिसमें कंपनी के क्रशर प्लांट परिसर में बाउंड्री वॉल गिरने से नौ माह की गर्भवती महिला और उसके गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई थी। हादसे में दो अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिनका उपचार जारी है। ग्रामीणों के अनुसार, बाउंड्री वॉल के समीप गहरा गड्ढा खोदे जाने और उसमें बारिश का पानी भरने से दीवार कमजोर हो गई थी। इसके बाद दीवार पास में बने श्रमिक आवास पर गिर गई, जिससे यह हादसा हुआ। सूत्र बता रहे हैं कि यहां दूषित जल की निकासी के लिए नालियां नहीं बनाई गई थी।

ऐसे में यहां जल का जमाव होता था और जिसकी वजह से यह दीवार काफी कमजोर हो चुकी थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि कंपनी द्वारा शासकीय भूमि, नाली और तालाब क्षेत्र पर लंबे समय से कब्जा किए जाने की शिकायत प्रशासन से की जाती रही थी। हालांकि पहले इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बाउंड्री वॉल हादसे के बाद मामला सुर्खियों में आने पर प्रशासन ने राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर जांच कर कार्रवाई शुरू की। बता दें कि इस हादसे के बाद लगातार ग्रामीणों में कंपनी प्रबंधन व संचालक की लापरवाही को लेकर आक्रोश देखने को मिल रहा था, वहीं प्रशासन से अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई की मांग भी की जा रही थी।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444



# ऋतिक ने पूरी की जेलर 2 की शूटिंग, निर्देशक ने की तारीफ

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन ने रजनीकांत की फिल्म जेलर 2 में अपने खास कैमियो रोल की शूटिंग पूरी कर ली है। बताया जा रहा है कि एक्टर ने चेन्नई में दो दिन के शूटिंग शेड्यूल में अपना हिस्सा पूरा किया है। नेल्सन दिलीप कुमार ने 'जेलर 2' में ऋतिक रोशन के लिए एक बहुत ही शानदार किरदार तैयार किया है। उनका एक दमदार सीक्वेंस है। इसके बाद रजनीकांत के साथ एक सीन है। शूटिंग खत्म होने पर डायरेक्टर नेल्सन ने दोनों एक्टर्स की जमकर तारीफ की। सेट पर मौजूद लोगों के लिए दोनों सुपरस्टार्स को एक साथ देखना बहुत सुखद अनुभव था।

## लाइफ Style



# रिया
## पूरी तरह से खत्म नहीं होता ट्रॉमा

एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने एक बार फिर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद आए मुश्किल दौर के बारे में बात की। साथ ही उनके भाई शोविक चक्रवर्ती ने याद किया कि कैसे एक घटना ने उनका पूरा जीवन बदलकर रख दिया। इस दौरान एक्ट्रेस ने ड्रग मामले और अपनी गिरफ्तारी को लेकर भी बात की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिया चक्रवर्ती अपने भाई शोविक चक्रवर्ती के साथ नेहा धूपिया और अंगद बेदी के चैट शो 'डबल डेट' पर पहुंचे। इस दौरान भाई-बहन ने सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले और इससे जुड़ी ड्रग्स की जांच के सिलसिले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा 2020 में अपनी गिरफ्तारी के बारे में बात की। रिया चक्रवर्ती ने उस अनुभव के मानसिक असर और यह कैसे उनके साथ बना हुआ है, इस पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि ट्रॉमा पूरी तरह से खत्म नहीं होता और इंसान के इमोशनल सिस्टम का हिस्सा बन जाता है। यह ऐसी चीज नहीं है जिससे आप पूरी तरह उबर सकें। यह ट्रॉमा है। अगर दिमाग में नहीं, तो शरीर में तो यह रहता ही है। ठीक होने के लिए लगातार कोशिश और सपोर्ट की जरूरत होती है। जैसा कि शोविक कह रहे थे, पीटीएसडी होता है। आप अपनी थेरेपी करवाते हैं और इसका सामना करते हैं। रिकवरी लगातार चलती रहती है ।रिया ने इस बारे में भी बात की कि कैसे उनका अनुभव लगातार लोगों की नजर में रहा, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई और उसे समझना मुश्किल हो गया। उन्होंने कहा कि भले ही बीता हुआ समय उनकी जिंदगी का हिस्सा बना हुआ है।

## हॉलीवुड मसाला



# तलाक के बाद नहीं किया किसी को डेट

**लॉस एंजिल्स।** एंजेलिना जोली इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'कौचर' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। जोली अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी प्राइवेट रहती हैं, लेकिन उनके पूर्व पति ब्रैड पिट से उनका चर्चित अलगाव सालों तक चर्चा में रहा। हाल ही में, एंजेलिना जोली ने अपनी डेटिंग लाइफ के बारे में बात की और बताया कि ब्रैड पिट से अलग होने के बाद से वे किसी भी रिश्ते में नहीं रही हैं। एंजेलिना जोली ने माना कि उनकी जिंदगी में रोमांस पीछे छूट गया है, क्योंकि उन्होंने खुद को अपने छह बच्चों की परवरिश में लगा दिया है।



# मेरा हॉलीवुड कॅरियर आज भी बॉलीवुड से फीका ...

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड के साथ-साथ हॉलीवुड में भी बड़ा नाम कमा चुकीं प्रियंका चोपड़ा जोनस ने प्रड्यूसर बनने और अमेरिका में अपने कॅरियर को आगे बढ़ाने को लेकर खुलकर बातें कीं। उन्होंने यह भी कहा कि अब हॉलीवुड में नए कलाकारों और फिल्म प्रड्यूसर के लिए एंट्री की बाधाएं पहले की तुलना में काफी कम हो गई हैं। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा है कि इतने सारे इंटरनेशनल फिल्मों और सीरीज में काम करने के बावजूद हॉलीवुड में उनका काम भारतीय सिनेमा में उनके द्वारा अर्जित किए गए काम की तुलना में फीका पड़ जाता है। प्रियंका ने कम बजट की सफल हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' का उदाहरण देते हुए कहा कि आज के दौर में प्रतिभाशाली लोगों के लिए अवसरों के नए दरवाजे खुल रहे हैं।



# चौहान फिल्म में अजय का फौजी अवतार...

**मुंबई।** अजय देवगन अब अपने फैन्स के सामने 'चौहान' के रूप में एक नए और दमदार अवतार में वापसी कर रहे हैं। यह फिल्म फिल्म निर्माता आनंद एल राय के साथ उनकी पहली फिल्म है। फिल्म को जियो स्टूडियोज प्रड्यूस कर रहा है। दिवंगत एक्शन डायरेक्टर वीरू देवगन की जयंती पर उन्हें याद करते हुए, फिल्म निर्माताओं ने फिल्म में अजय देवगन का 'चौहान' के रूप में पहला लुक जारी किया, जिससे ये साफ हो गया है कि फिल्म दमदार और एक्शन से भरपूर है। इस अनाउंसमेंट वीडियो की शुरुआत एक उग्र प्रदर्शन की झलकियों से होती है, जिसके साथ दमदार डायलॉग बैकग्राउंड में सुनाई दे रहा है। इसमें कहा जा रहा है, 'चौराहे पर 300 लड़के थे, घर सिर्फ 270 पहुंचे। 30 लड़के कम हैं।'



# प्रहार का टीजर रिलीज वकील बने राजकुमार

**मुंबई।** राजकुमार राव की नई फिल्म आ रही है 'प्रहार', जिसका दमदार टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर रिलीज होते ही छा गया है और राजकुमार राव की तारीफ हो रही है। यह एक बायोग्राफिकल फिल्म है, जिसमें राजकुमार राव जाने-माने वकील उज्ज्वल निकम के रोल में हैं। यह उनके अब तक के करियर का सबसे चैलेंजिंग रोल माना जा रहा है। 'प्रहार' को अविनाश अरुण ने डायरेक्ट किया है और यह मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी है। इसमें राजकुमार राव के अलावा वामिका गब्बी और जयदीप अहलावत भी मौजूद हैं। यह फिल्म 7 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज होगी। फिल्म में वामिका गब्बी ने राजकुमार राव की पत्नी का किरदार निभाया है, जबकि जयदीप अहलावत एक अन्य वकील बने हैं। 'प्रहार' के टीजर की शुरुआत राजकुमार के किरदार उज्ज्वल निकम से होती है।

## टीवी मसाला

# साल 2000 का वो गाना, जिसका बच्चा-बच्चा हो गया था दीवाना...

**नई दिल्ली।** साल 2000 के दौर का एक ऐसा ही गाना, जिसको लेकर कहा जा सकता है कि कुछ गाने सिर्फ सुने नहीं जाते, बल्कि जिए जाते हैं। इसकी धुन सुनते ही बच्चों के कदम खुद-ब-खुद स्कूल की तरफ बढ़ने लगते थे।



एक समय था जब सुबह की शुरुआत अलार्म से नहीं, बल्कि टीवी पर बजने वाली इसी प्यारी सी धुन से हुआ करती थी। ये वो गाना था जिसने बच्चों को गुनगुनाना सिखाया। इसकी धुन सुनते ही बच्चे झूम उठते थे और बड़े मुस्कुरा देते थे। गली-मोहल्लों से लेकर गांव और शहर तक हर तरफ इसी गाने की चर्चा थी। खास बात ये थी कि ये सिर्फ एक गाना नहीं था, बल्कि एक ऐसा संदेश था जिसने लाखों बच्चों को स्कूल की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। आज भी इसकी धुन सुनते ही लोग सीधे अपने बचपन की सुनहरी गलियों में पहुंच जाते हैं। अगर आप अब तक नहीं समझ पाए हैं कि हम किस गाने की बात कर रहे हैं तो आपको बता दें कि ये वही 'स्कूल चले हम' है, जिसे सुनकर एक पूरी पीढ़ी बड़ी हुई है। 'स्कूल चले हम' उस दौर के उन चुनिंदा गानों में शामिल था, जिसे सुनने के लिए बच्चे खुद टीवी के सामने बैठ जाया करते थे। आज की तरह तब हर मिनट नया कंटेंट नहीं आता था, इसलिए जो चीज लोगों के दिल में जगह बना लेती थी, वो लंबे समय तक याद रहती थी। इस गाने की धुन इतनी आसान और प्यारी थी कि बच्चे इसे खेलते-कूदते, साइकिल चलाते और स्कूल जाते वक्त भी गुनगुनाते रहते थे। यही वजह थी कि ये गीत देखते ही देखते घर-घर की पहचान बन गया। शान की आवाज ने इस गाने को और खास बना दिया था।

## तुलसी और अनुपमा की राह में रोड़ा बनीं 'गंगा माई की बेटियां'

**नई दिल्ली।** दर्शकों की पसंद टीवी सीरियल के मामले में तेजी से बदली है। अब तक जहां टीवी सीरियल 'अनुपमा' और 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बने रहते थे, लेकिन अब ये टॉप 5 में बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।



सीरियल 'गंगा माई की बेटियां' ने पिछले दो-तीन हफ्ते से टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाई है। इस सीरियल को 24वें हफ्ते में 1.9 की रेटिंग मिली है। यह सीरियल पहले स्थान पर है। सीरियल 'वसुधा' 24वें हफ्ते में टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर रहा है। इसकी 1.8 की टीआरपी रेटिंग रही है। यह सीरियल एक सीधी सरल की लड़की वसुधा की जिंदगी और उसके प्यार की कहानी को बयां करता है। शरद केलकर स्टारर सीरियल 'तुम से तुम तक' भी दर्शकों को पसंद आ रहा है। इस सीरियल को 24वें हफ्ते में 1.7 की रेटिंग मिली है, टीआरपी लिस्ट में यह तीसरे नंबर पर है। यह सीरियल ऐसे कपल की कहानी कहता है, जिनके बीच में उम्र का बड़ा फासला है। 'नागिन 7' 24वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चोथे नंबर पर है। इसे 1.6 की रेटिंग मिली है। इस सीरियल की टीआरपी बढ़ी है।

# लोग महाभारत समझते हैं... तो मेरी फिल्म क्यों नहीं : इम्तियाज

**मुंबई।** इम्तियाज अली की फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' सिनेमाघरों में जोरदार तरीके से चल रही है। लोग फिल्म को अभी भी देखने जा रहे हैं। इस बीच, फिल्ममेकर ने कहा है कि अगर लोग महाभारत समझ सकते हैं तो मेरी फिल्म क्यों नहीं। चमत्कार होते हैं, और इम्तियाज अली की नई फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' के साथ कुछ ऐसा ही हुआ है। बंटवारे के दौर की प्रेम कहानी वाली इस फिल्म ने धीमी शुरुआत के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर अपनी जगह बना ली है और अब देश भर के कई सिनेमाघरों में हाउसफुल चल रही है। फिल्ममेकर के लिए यह बेहद खुशी का पल है। वे खुद कई थिएटर जाकर दर्शकों का शुक्रिया अदा कर रहे हैं कि वे बड़ी संख्या में आए और फिल्म को सपोर्ट किया। इम्तियाज अली की बेटी इदा अली के इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक ऐसे ही डायलॉग में, हाउसफुल स्क्रीनिंग के बाद फिल्म निर्माता दर्शकों से बातचीत करते और आभार जताते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्हें कहते हुए सुना जा सकता है, 'लोगों की शक्ति में मेरी उम्मीद को फिर से जगाने के लिए धन्यवाद। मुझे लगातार कहा जाता है कि लोग समझेंगे नहीं, कि अगर आप दर्शकों को खुश करना चाहते हैं, तो सिर्फ एक खास तरह की फिल्में बनाएं। यहां आने के लिए धन्यवाद।'



उन्होंने आगे कहा, 'मैंने अपने इंटरव्यू में लाखों बार कहा है कि अगर लोग महाभारत समझ सकते हैं, तो वे मेरी फिल्में क्यों नहीं समझ पाएंगे? मुझमें ही कुछ कमी होगी, मैं भी आप सबके लिए सुधार करने की कोशिश कर रहा हूं।' लेकिन, न केवल मेरा बल्कि इस देश के सभी भाषाओं के 100 फिल्म निर्देशकों का आत्मविश्वास फिर से जगाने के लिए धन्यवाद। बहुत-बहुत धन्यवाद। फिल्ममेकर सिद्धार्थ आनंद, जो अभी शाहरुख खान के साथ 'किंग' की शूटिंग कर रहे हैं, उन्होंने 'मैं वापस आऊंगा' देखने के लिए भी समय निकाला। बुधवार को डायरेक्टर ने एक्स पर फिल्म और दर्शकों से मिल रहे अच्छे रिस्पॉन्स की तारीफ की। अपनी बात शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'कितनी खूबसूरत फिल्म है!

# आज सिनेमाघरों में 5 नई फिल्में होंगी रिलीज

**नई दिल्ली।** शुक्रवार 26 जून को हमारे-आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 5 नई फिल्में रिलीज हो रही हैं, जिसमें हिंदी के दर्शकों के लिए सबसे बड़ी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' है। इसके अलावा 'रामायण' की सीता मैया यानी दीपिका चिखलिया भी एक फैमिली ड्रामा 'तेरा मेरा नाता' लेकर आ रही हैं। हॉलीवुड से भी तीन बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। इनमें 'सुपरगर्ल', 'द इनवाइट', और 'जैकऐसः बेस्ट एंड लास्ट' भी आ रही है।



***वेलकम टू द जंगल*** : वेलकम टू द जंगल बॉलीवुड की सुपरहिट कॉमेडी 'वेलकम फ्रैंचाइज' की तीसरी किस्त है। यह 2015 में आई 'वेलकम बैक' के लगभग एक दशक बाद आ रही है। इस बार फिल्म का पैमाना बहुत बड़ा है। डायरेक्टर अहमद खान ने 30 से अधकि दिग्गज कलाकारों की फौज तैयार की है।

***सुपरगर्ल*** : डीसी यूनिवर्स के फैंस को सुपरगर्ल फिल्म का लंबे समय से इंतजार रहा है। यह फिल्म कारा जोर-एल किरदार पर आधारित है, जो अपनी गहरी भावनात्मक और आत्मा-खोज की यात्रा पर है। उसके चचेरे भाई काल-एल (सुपरमैन) को अब उसकी सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है। ऐसे में दिशाहीन महसूस कर रही सुपरगर्ल के पास न्याय की आस लगाए एक लड़की आती है। कारा जोर-एल की यह कहानी क्रिप्टोनियन की है। उसने अपना बचपन अपनी दुनिया और परिवार को मरते हुए देखने में बिताया। पृथ्वी पर बिना किसी मकसद के घूम रही कारा, रूथी नाम की लड़की के साथ मिलकर 'येलो हिल्स' के बेरहम 'क्रेम' को रोकने के लिए एक कॉस्मिक सफर पर निकलती है। अपने कजिन सुपरमैन के उलट, कारा के मन में क्रिप्टन पर बिताए बचपन की गहरी चोटें (ट्रॉमा) हैं। दुश्मन उसके प्यारे कुत्ते 'क्रिप्टो' को घायल कर देता है। अब सुपरगर्ल बदला लेने के लिए किसी भी हद तक जाने वाली है।

***तेरा मेरा नाता*** : तेरा मेरा नाता एक फैमिली ड्रामा फिल्म है। यह प्यार, परिवार और भावनात्मक रिश्तों की दिल को छू लेने वाली कहानी है। 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में इसका प्रीमियर हुआ था। अब यह सिनेमाघरों में आ रही है।

***द इनवाइट*** : ओलिविया वाइल्ड के डायरेक्शन में बनी द इनवाइट एक खट्टी-मीठी सेक्स कॉमेडी और मैरिटल ड्रामा है। यह सैन फ्रांसिस्को में रहने वाले एक शादीशुदा जोड़े, जो और एंजेला के बारे में है। अपनी बोरिंग जिंदगी से बाहर निकलने के लिए वे अपने घर के ऊपरी मंजिल पर रहने वाले ग्लैमरस और एडवेंचरस पड़ोसी हॉक और पीना को डिनर पर बुलाते हैं।

***जैकऐसः बेस्ट एंड लास्ट*** : जैकऐसः बेस्ट एंड लास्ट बेहद पॉपुलर 'जैकऐस सीरीज' की आखिरी फिल्म है। इसके साथ ही यह फ्रैंचाइजी खत्म हो जाएगी। इसमें नए और खतरनाक स्टंट्स और प्रैंक के साथ फ्रैंचाइज के क्लासिक यादगार पलों को भी जोड़ा गया है।

## एक्टर्स ने 45 दिन तक पहने थे एक ही कपड़े, जीता था नेशनल अवॉर्ड

# पांच लाख किसानों ने 2-2 रुपए देकर प्रोड्यूस की थी ये फिल्म

### जब किसानों ने लिखी भारतीय सिनेमा की नई कहानी

'मंथन' की कहानी गुजरात के दुग्ध सहकारी आंदोलन और श्वेत क्रांति से प्रेरित थी। फिल्म के निर्माण के लिए गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (GCMMF) से जुड़े लगभग पांच लाख दुग्ध उत्पादक किसानों ने दो-दो रुपये का योगदान दिया था। यही वजह है कि इसे भारत की पहली क्राउड-फंडेड फिल्म भी कहा जाता है। फिल्म में गिरीश कर्नाड, स्मिता पाटिल, नसीरुद्दीन शाह, अमरीश पुरी और कुलभूषण खरबंदा जैसे दिग्गज कलाकार नजर आए. रिलीज के समय गांवों में बैलगाड़ियों और ट्रकों में भरकर किसान इस फिल्म को देखने सिनेमाघरों तक पहुंचे थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि यह उनकी अपनी कहानी है।

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा में कई ऐसी फिल्में बनी हैं, जिन्होंने सिर्फ मनोरंजन ही नहीं बल्कि समाज को भी नई दिशा देने का काम किया। ऐसी ही एक फिल्म थी 'मंथन', जिसने अपनी कहानी से जितनी पहचान बनाई, उससे कहीं ज्यादा चर्चा इसके बनने के तरीके ने बटोरी। साल 1976 में रिलीज हुई श्याम बेनेगल निर्देशित इस फिल्म को किसी बड़े प्रोडक्शन हाउस ने नहीं, बल्कि करीब पांच लाख किसानों ने दो-दो रुपए का योगदान देकर बनाया था। उस दौर में यह अपने आप में अनोखा प्रयोग था। फिल्म ने राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हासिल की और बाद में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी जीता। आज भी 'मंथन' भारतीय समानांतर सिनेमा की सबसे महत्वपूर्ण फिल्मों में गिनी जाती है।



### श्याम बेनेगल थे निर्देशक

फिल्म को पूरी तरह वास्तविक बनाने के लिए निर्देशक श्याम बेनेगल ने कलाकारों से मेकअप और कॉस्ट्यूम पर खास ध्यान देने को कहा. रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई प्रमुख कलाकारों ने शूटिंग के दौरान पानी की कमी के कारण करीब 45 दिनों तक वही एक जैसे कपड़े पहने, ताकि उनके किरदारों की वास्तविकता बनी रहे और गांव का माहौल पर्दे पर बिल्कुल असली लगे।

### अपने नाम किया राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

फिल्म ने अपनी दमदार कहानी, शानदार अभिनय और सामाजिक संदेश के दम पर सर्वश्रेष्ठ हिंदी फीचर फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार अपने नाम किया. वर्षों बाद भी 'मंथन' भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक मील का पत्थर मानी जाती है।

## खबर संक्षेप

### पटवारी बद्री प्रसाद साहू निलंबित

**सारंगढ़।** जिले के ग्राम झुमका में आयोजित सुशासन तिहार में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और कलेक्टर को दिए आवेदन पर कार्रवाई करते हुए कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने पटवारी बद्रीप्रसाद साहू हल्का पटवारी पहनं 04 एवं 08 तात्कालीन पहनं 09 को निलंबित किया है। निलंबन के पहले, बद्रीप्रसाद साहूए तत्कालीन हल्का पटवारी पहनं. 09 तहसील सरसींवा को इस संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर स्पष्टीकरण लिया गया। पटवारी के द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषप्रद नहीं होने के कारण, पटवारी द्वारा अपने पदस्थ कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं अनियमितता बरती गई, जो शासकीय सेवक के अपेक्षित आचरण के अनुरूप नहीं है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय तहसील कार्यालय बिलाईगढ़ नियत किया गया है और नियमानुसार उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### कलेक्टर ने हेचरी का किया अवलोकन

**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने मछली पालन विभाग के ग्राम छिंद में स्थित हेचरी का अवलोकन किया। कलेक्टर ने हेचरी की जानकारी लेते हुए पानी टंकी का निर्माण के लिए प्रस्ताव देने, झींगा, राहु, केतला आदि मछली के लिए हेचरी में और गांव के लगभग 42 तालाब में उत्पादन के लिए निर्देशित किया साथ ही 3 तालाब को बिहान की महिला स्व सहायता समूह को देने के निर्देश अधिकारी और सरपंच नरेश रात्रे को दिए। बाजार और आवश्यकता को देखते हुए कलेक्टर ने झींगा मछली के उत्पादन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

### एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग

**रायगढ़।** जिले में 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन काउंसलिंग किया जाना है। कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा परिणाम में प्रावीण्य सूची के आधार पर काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यर्थियों के लिए दस्तावेज सत्यापन एवं काउंसलिंग हेतु तिथि निर्धारित किया गया है। विकासखंड स्तरीय काउंसलिंग 30 जून एवं 1 जुलाई को जिला स्तरीय काउंसलिंग 2 जुलाई को तथा राज्य स्तरीय काउंसलिंग 3 जुलाई को आयोजित होगी। विशेष पिछड़ी जनजाति समूह एवं शासन के दिशा निर्देशों में वर्णित विशेष आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 4 जुलाई को काउंसलिंग रखी गई है।

### एआई पर ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स

**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट, नई दिल्ली द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, इलेक्शन एंड डेमोक्रेटिक गवर्नेंस विषय पर ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए इच्छुक कोई भी शासकीय सेवक 30 जून तक पंजीयन कर सकते है।
कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी पत्र के अनुसार यह ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम जुलाई 2026 से प्रारंभ होगा। कोर्स का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई निर्वाचन प्रक्रिया तथा लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था से जुड़े विभिन्न आयामों की समझ विकसित करना है। इस संबंध में प्राचार्य शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ एवं सभी विभागों को पत्र जारी कर इच्छुक प्रतिभागियों का नामांकन सुनिश्चित करने कहा गया है।

### रक्तदान शिविर में 716 यूनिट रक्त संग्रह

**रायगढ़।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा केजीएच एवं मेडिकल कॉलेज के सहयोग से जिले के विभिन्न इकाईयों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। अम्बूजा सीमेंट लिमिटेड में 61 यूनिट, अदानी कोल माइन्स गारे पेलमा में 135 यूनिट, अदानी पावर लिमिटेड में 251 यूनिट तथा अदानी प्रोजेक्ट लिमिटेड में 269 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस प्रकार कुल 716 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

## खनन प्रभावित क्षेत्रों को 26 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों को मिली मंजूरी

# ग्राम विजयपुर में बनेगा 100 बिस्तरों वाला सीनियर सिटीजन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और आधारभूत सुविधाओं को नई मजबूती देने के लिए जिला खनिज न्यास मद डीएमएफ से 26 करोड़ से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों को मंजूरी प्रदान की गई है। इन कार्यों के स्वीकृति से जिले के हजारों परिवारों को सीधे लाभ मिलेगा। स्वीकृत कार्यों में सर्वाधिक 16 करोड़ 73 लाख 27 हजार रुपए की लागत से रायगढ़ शहर के विजयपुर क्षेत्र में 100 बिस्तरों वाले सीनियर सिटीजन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का निर्माण किया जाएगा। यह केंद्र वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगा और जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा।

विशेष रूप से स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, पशुधन सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा शिक्षा और पोषण संबंधी अधोसंरचना के विकास को नई गति मिलेगी। स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए लैलूंगा विकासखंड में मातृ एवं शिशु अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र राजपुर, सलखिया, बगुडेगा, चोरंगा, पहाड़लुडेग, कुंजारा, मुडागांव, ढाप तथा लैलूंगा के निर्माण एवं उन्नयन के लिए 2 करोड़ 90 लाख 53 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार धरमजयगढ़ विकासखंड के गनपतपुर, खम्हार, सुपकालो, कटाईपाली, थिरियामा, बेहरामार, महाराजगंज, उदउदा, पखनाकोट तथा साजापाली स्वास्थ्य केंद्रों के विकास एवं उन्नयन हेतु 2 करोड़ 24 लाख 13 हजार रुपये मंजूर किए गए हैं।

**अस्पताल की सुधरेगी दशा**

घरघोड़ा विकासखंड के कुडुमकेला, टेंडा, काया, चिल्कागुड़ा, चिमटापानी, डेहरीडीह, घरघोडी, कमतरा, अमलीडीह तथा बहिरकेला स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन के लिए 2 करोड़ 19 लाख 71 हजार रुपये तथा तमनार विकासखंड के सरईपाली, उरबा, लिबरा, खम्हरिया, नूनदरहा, पडीगांव, सलिहाभांठा, समकेरा, सलिहारी एवं हमीरपुर क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों के विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ 18 लाख 34 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन सभी कार्यों पर कुल 9 करोड़ 52 लाख 71 हजार रुपये से अधिक की राशि व्यय की जाएगी।

**पीने की पानी की नहीं होगी दिक्कत**

ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी कई महत्वपूर्ण कार्यों को स्वीकृति दी गई है। लैलूंगा विकासखंड के बरडीह में 9 लाख 26 हजार रुपए गंजपुर में 9 लाख 14 हजार रुपए, तोलगे में 8 लाख 95 हजार रुपए, हीरापुर में 8 लाख 12 हजार रुपए, रेगड़ी में 5 लाख 55 हजार रुपए तथा फुलीकुण्डा में 5 लाख 41 हजार रुपए की लागत से नलकूप खनन एवं पंप स्थापना के कार्य किए जाएंगे।



## घर-घर कचरा संग्रहण को बढ़ावा देने छिंद पहुंची कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत स्वस्थ गांवए स्वच्छ गांव थीम पर घर घर कचरा संग्रहण और व्यापक जन जागरूकता के तहत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने ग्राम पंचायत छिंद पहुंच कर सभी ग्रामों को स्वच्छ रखने के साथ ही सचिवों एवं स्वच्छग्राही समूह की दीदीयों को तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत सूखा कचरा और गीला कचरा को पहचानकर अलग-अलग रखने के साथ ही घर-घर से सूखा कचरा संग्रहण करने के बाद उसके सुरक्षित निपटान के बारे में बताया। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने कहा कि पहले जिस तरह से शौच मुक्त गांव, स्वच्छ ओडीएफ बनाया है उसी तरह गीला कचरा सुखा कचरा को अलग करना है। जैसे गीला रसोई के अपशिष्ट फल सब्जियों की छिलके और सड़े हुए भोजन को अलग इकट्ठा करें। कलेक्टर ने ग्रामीण लाभो निषाद, शांति निषाद और सावित्री सिदार के घर पहुंच कर ग्रामीण महिलाओं को खुद गीला कचरा और सुखा कचरा को अलग-अलग कैसे रखना है उसका प्रैक्टिकल कर बताया। प्लास्टिक और पॉलीथिन कचरे के जलने से अत्यधिक हानिकारक गैसें उत्पन्न होती हैं, जो सेहत के लिए खतरनाक है।

## रायगढ़ क्लॉथ, एटू ज़ेड ड्रेसेज तथा सर्वमंगला क्लॉथ पर निगम ने लगाया 30 हजार जुर्माना

**रायगढ़।** नगर पालिक निगम रायगढ़ द्वारा शहर की स्वच्छता एवं जल निकासी व्यवस्था को बनाए रखने के लिए नालों में कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान नालों में कचरा डालकर गंदगी नाली जाम करने और इससे बारिश का पानी निकासी बाधित होने पर तीन प्रतिष्ठानों पर कुल 30 हजार रुपए का जुर्माना किया गया।
कार्रवाई के तहत रायगढ़ क्लॉथ, एटू ज़ेड ड्रेसेज तथा सर्वमंगला क्लॉथ पर नाले में कचरा फेंककर गंदगी फैलाने के आरोप में प्रत्येक पर 10 हजार रुपए कुल 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। संजय मार्केट और गोपी टॉकीज और इससे लगे क्षेत्र का हमेशा बारिश के दिनों में जल भराव की स्थिति निर्मित होती थी। इसे देखते हुए ही सुभाष चौक से लेकर कल्वर्ट का निर्माण करते



हुए बड़े और चौड़े नाले का निर्माण कराया गया। तीनों दुकानदार द्वारा संजय मार्केट से मुख्य पानी निकासी के लिए नवनिर्मित नाले में छत की ऊपर से कपड़े का कचरा फेंक दिया गया था। नगर निगम के अमले द्वारा सफाई के दौरान नाले से दो मिनी टिप्पर से ज्यादा कपड़े का कचरा निकाला गया। इस कारण ही पिछले दिनों हुई बारिश में नाले से पानी निकासी अवरोध हो गया थाए जिससे जल भराव की स्थिति निर्मित हुई थी। इस पर कार्रवाई करते हुए तीनों संस्थानों पर दस दस रुपए के जुर्माना लगाए गया एवं पुनः इस तरह के कृत्य पाए जाने या नाली में किसी भी तरह का कचरा फेंकने पर बड़ी राशि जुर्माने के साथ वैधानिक कार्रवाई करने की भी सख्त चेतावनी दी गई। नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने कहा कि नालों में कचरा फेंकने से जल निकासी बाधित होती है और वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। शहर की स्वच्छता एवं नागरिकों की सुविधा से समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी व्यापारियों एवं नागरिकों से निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालने एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियमों का अक्षरशः पालन करने की अपील की है। उन्होंने सभी स्वच्छता निरीक्षकों को क्षेत्र में निगरानी बनाए रखने और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### धान के बदले अन्य फसल लेने पर मिलेंगे प्रति एकड़ 15 हजार

**रायगढ़।** किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी कड़ी में राज्य सरकार ने कृषक उन्नति योजना के क्रियान्वयन के लिए नवीन दिशा निर्देश जारी किए हैं। यह योजना खरीफ वर्ष 2026 से पूरे प्रदेश में लागू हो गई है। योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को कृषि लागत में राहत देना और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना है। उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने बताया कि योजना के तहत इस बार विशेष प्रावधान किया गया है। जो किसान पिछले खरीफ सीजन में धान की खेती करते थे और इस वर्ष धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसलों का चयन करेंगे, उन्हें 15 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

## सड़क पर मॉडिफाइड साइलेंसर की जांच ट्रैफिक नियम का उल्लंघन, की गई कार्रवाई

**बरमकेला।** नगर में मॉडिफाइड साइलेंसर, अवैध प्रेशर हॉर्न, तेज रफ्तार एवं नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन को लेकर प्रकाशित समाचार के बाद बरमकेला पुलिस हरकत में आ गई। थाना प्रभारी एके बैक के निर्देशन में पुलिस टीम ने नगर के विभिन्न प्रमुख चौक चौराहों, मुख्य मार्गों एवं विद्यालयों के आसपास विशेष सघन वाहन जांच अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की।

बरमकेला पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान में नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन, मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग, ट्रिपल सवारी तथा अन्य यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले 24 लोगों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई।



पुलिस ने कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों को समझाइश देते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि स्वयं एवं अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

> विशेष अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 24 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन चलाने की समझाइश भी दी गई।
> **एके बैग**
> **थाना प्रभारी, थाना बरमकेला**

## आरकेएम पावरजेन ने दिव्यांगों को किया बैटरी संचालित तीन पहिया साइकिल वितरण

**चंद्रपुर।** डभरा विकासखंड अतर्गत 25 जून को सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत आरकेएम पावरजेन प्रालि उच्चपिंडा द्वारा दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए चार बैटरी संचालित तिपहिया साइकिलों का वितरण किया गया।



इस पहल का उद्देश्य शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना, उनकी दैनिक गतिविधियों को सरल बनाना तथा उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त करना है। बैटरी संचालित तिपहिया साइकिल मिलने से लाभार्थियों की दूसरों पर निर्भरता कम होगी और वे अपने कार्य अधिक सहजता से कर सकेंगे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बांधापाली, केकराभाठ एवं निमोही के सरपंचों की उपस्थिति रही। सभी लाभार्थी अपने परिवार के एक सदस्य के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान रूपचंद बघेल एवं कुमारी बघेल बांधापाली, संजू कुमार पटेल केकराभाठ तथा मोहन मोती कानाकोट को बैटरी संचालित तिपहिया साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिनाथ चक्रवर्ती ने की। इस अवसर पर जीएम लाइजनिंग प्रमोद गायकवाड़ तथा एचआर डीजीएम अजय कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में हरिनाथ चक्रवर्ती ने कहा कि आरकेएम पावरजेन प्रालि सामाजिक विकास एवं सामुदायिक कल्याण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

## बवासीर ऑपरेशन में लापरवाही से गई युवक की जान, चक्काजाम, डाक्टर पर गंभीर आरोप

**खरसिया।** सिविल हॉस्पिटल के पास चाय बेचकर गुजर बसर करने वाला तामेश्वर मिश्रा प्रद्युमन अपनी छोटी सी बीमारी बवासीर का इलाज करवाने सरकारी हॉस्पिटल जिसे सिविल हॉस्पिटल कहा जाता है वहां आया। हॉस्पिटल प्रभारी डॉ विक्रम राठिया द्वारा उसका ऑपरेशन किया जा रहा था, लेकिन ऐसा क्या हुआ कि कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। वहीं इस लापरवाही को लेकर मृत लड़के के पिता द्वारा खरसिया पुलिस चौकी में आवेदन दिया।

राघवेन्द्र प्रसाद मिश्रा पिता स्वः रामदेव मिश्रा निवासी पुरानी बस्ती का रहने वाला है। गुरुवार सुबह 10 बजे मैंने मेरे लड़के नाम तामेश्वर मिश्रा प्रद्युमन उम्र 27 वर्ष बवाशीर के आपरेशन के लिए सरकारी अस्पताल खरसिया लाया मामूली आपरेशन को डॉ विक्रम राठिया एवं स्टाफ जनों द्वारा किया जा रहा था।



आपरेशन के दौरान उन्होंने पता नहीं क्या किया मेरा लड़का मर गया इस पर उन्होंने मुझे कहा कि इसे होश नहीं आ रहा है। आप इसे मेट्रो अस्पताल ले जाओ जबकि उस समय मेरा लड़का मर चुका था एवं आनन फानन में लड़के को एम्बुलेंस में डालकर कर भेज दिया जो कि हम चपले से वापस लेकर आए। मेरे लड़के को आपरेशन के दौरान डॉक्टरों की लापरवाही एवं गलत इलाज ने मार दिया मेरा विवेदन है तत्काल डॉ विक्रम राठिया एवं अन्य स्टाफ के ऊपर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया जाय। वही आज तामेश्वर मिश्रा प्रद्युमन की मृत देह को सिविल हॉस्पिटल के पास सड़क पर रखकर चक्का जाम किया जा रहा है। परिजनों और मोहल्ले के लोगों का कहना है उक्त डॉ का नाम पहले भी किडनी कांड में काफी उछला था जिसकी गूंज प्रदेश भर में सुनी गई थी इसके साथ ही विक्रम राठिया को तत्काल बर्खास्त कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाय। नगर कांग्रेस ने प्रसाशन से मांग की है ।

## झेरिया यादव समाज के अध्यक्ष बने धनेश यादव

**बिलाईगढ़।** साहू समाज के नर्सरी रोड स्थित सामुदायिक भवन गोविंदवन में झेरिया यादव समाज बिलाईगढ़ परिक्षेत्र की आवश्यक बैठक हुई। बैठक में समाज के सामाजिक, आर्थिक एवं संगठनात्मक विकास सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। लंबे समय से समाज में मजबूत नेतृत्व की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। वरिष्ठजनों एवं समाज के स्वजातीय बंधुओं के विचार विमर्श और रायशुमारी के बाद वर्तमान मीडिया प्रभारी धनेश यादव को सर्वसम्मति से झेरिया यादव समाज बिलाईगढ़ परिक्षेत्र का अध्यक्ष चुना गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण के छायाचित्र पर पूजा अर्चना के साथ किया गया। अध्यक्ष धनेश यादव ने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा



कि समाज ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक सदस्य के सुख दुख में सदैव साथ खड़े रहेंगे तथा समाज की एकताए संगठन और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने सभी से एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया। धनेश यादव के अध्यक्ष बनने पर समाज के पदाधिकारियों ने बधाई दिया है।

## पिंक दीदीयों को मिली आत्मनिर्भरता की चाबी ओपी और गुरु खुशवंत ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए आज नवा रायपुर में पिंक दीदी पिंक ई-ऑटो परियोजना के अंतर्गत द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने संयुक्त रूप से 52 ई-ऑटो परिवहन सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर ओपी चौधरी ने सभी 52 पिंक दीदियों को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। मातृशक्तियों को ई-ऑटो की चाबी प्रदान कर उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। वित्त मंत्री स्वयं ई-ऑटो में सवार होकर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। ओपी चौधरी ने कहा कि पिंक ऑटो योजना का विस्तार 52 और महिलाओं को आत्मनिर्भरता की नई राह दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारी शक्ति वंदन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय




के सशक्त नारी-समृद्ध छत्तीसगढ़ के संकल्प को यह योजना साकार कर रही है। आज जिन बहनों को ई-ऑटो की चाबी मिली है, वे अब केवल यात्री नहीं, बल्कि अपनी जिंदगी की ड्राइवर बन गई हैं। यह सम्मानजनक रोजगार है, स्वाभिमान की कमाई है। पिंक ई-ऑटो के 5 बड़े लाभ बताते हुए ओपी चौधरी ने कहा महिला चालक होने से महिला यात्रियों, छात्राओं और बुजुर्गों को सुरक्षित सफर का भरोसा मिलेगा। रात्रि में भी निडर होकर सफर कर सकेंगी। इस योजना से आर्थिक आत्मनिर्भरता का दावा करते हुए उन्होंने कहा हर पिंक दीदी को प्रतिमाह 15-20 हजार रुपए तक की नियमित आय होगी। परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इस योजना से पर्यावरण संरक्षण भी होगा। ई-ऑटो होने से प्रदूषण नहीं होगा, नवा रायपुर ग्रीन सिटी बनेगा। डीजल-पेट्रोल का खर्च बचेगा।

## आत्मानंद स्कूल की छात्राओं को मिली साइकिल

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर स्थित शासकीय स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में गुरूवार को शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस योजना के अंतर्गत विद्यालय में अध्ययनरत 58 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई। जिन्हें सायकिल मिली वे सभी छात्राएं पुसौर से लगभग 10 किमी दूर स्थित गांवों से प्रतिदिन स्कूल पढ़ने आती हैं। यह कार्यक्रम स्कूल की छुट्टी के बाद शाम 4 बजे प्राचार्य एके गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती खम्हारी द्वारा



अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करने के साथ हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, उपाध्यक्ष उमेश साव, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुरेश महाणा, मंडल मंत्री विजय महाणा, भाजपा युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष सागर साव, विकास होता, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं स्कूल सदस्य नवीन साव सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। वहीं शिक्षा विभाग से खंड शिक्षा अधिकारी बी पटेल आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य एके गुप्ता एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी ने योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा सरस्वती साइकिल योजना पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई थी जो आज भी सफलतापूर्वक संचालित है। इस योजना के कारण दूर दराज के गांवों में रहने वाली बेटियों को स्कूल आने जाने में बहुत सुविधा हुई है। पहले आवागमन के साधनों के अभाव में प्रायः बेटियां पढ़ाई से वंचित रह जाती थीं लेकिन अब वे नियमित स्कूल आ रही हैं। खंड शिक्षा अधिकारी बी पटेल ने कहा बेटियों के लिए साइकिल वितरण का यह कार्य उन्हें आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने में सहायक सिद्ध हो रहा है। पहले अधिकतर पालकों को अपनी बेटियों को स्कूल छोड़ने आना पड़ता था जिससे उनका समय खराब होता था।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त